देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 24 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम वित्त समिति की विभिन्न अनुशंसाओं पर विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंतर्गत– वि.वि. के विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर एवं अन्य कर्मियों को रखने हेतु प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। वि.वि. द्वारा प्रदान की जाने वाली उपाधियों के संबंध में निर्णय लिया गया कि उस पर डिजिटल हस्ताक्षर किये जायें। वि.वि. के ऐसे कर्मचारियों जिनकी नियुक्ति 01 जनवरी 2005 अथवा उसके बाद हुई है, उन्हे भी शासन के आदेशानुसार उपादान (ग्रेज्यूटी) राशि भुगतान किये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मंजूरी दी। वि.वि. की विभिन्न चयन समितियों में उपस्थित होने वाले विषय विशेषज्ञों का मानदेय रू. 3000 प्रति बैठक करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। सेंटर फॉर डिस्टेंस एण्ड ऑनलाईन एज्यूकेशन द्वारा 2 एमबीए एवं 2 एमए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने से संबंधित टेंडर/ई टेंडर जारी करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की।

विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की अनुशंसाओं के संदर्भ में कार्यपरिषद् ने सुझाव दिया कि प्रत्येक कालेज से शपथ पत्र लिया जाय जिसमें उनके द्वारा संपूर्ण शर्तो का पालन सुनिश्चित किया जाय। कैरियर एडवांसमेंट योजना के अंतर्गत प्रबंध अध्ययनशाला के डॉ. भानूप्रताप सिंह एवं कम्प्यूटर अध्ययनशाला के व्याख्याता डॉ. अजय तिवारी की पदोन्नती की अनुशांसा को कार्यपरिषद् ने मान्य किया । श्री संत शिरोमणी रविदास महाराज जी के नाम से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में शोध केन्द्र की स्थापना को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की। सत्र 2021–22 की परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों के प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्णायक समिति में डॉ. राजेश शर्मा एवं डॉ. रेखा गदरे भी सदस्य के रूप में सम्मिलित किये गये। एम.एड. पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की प्रावीण्य सूची में प्रथम

स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

आरएनटी मार्ग परिसर, अंकुर समता परिसर, सीव्ही रमन एवं रमाबाई छात्रावास के पीछे तथा शिक्षक आवास के पीछे बाउन्ड्री वॉल का निर्माण तथा तक्षशिला परिसर स्थित बाउन्ड्री वॉल की ऊँचाई में वृद्धि के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की।

देवी अहिल्या वि.वि. खण्डवा रोड परिसर, में पेयजल टंकी निर्माण, भंवरकुआ थाना तथा मंदिर के स्थानांतरण के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मंजूरी दी। मातेश्वरी सुगनीदेवी कन्या महाविद्यालय के विकास से संबंधित नवीन समिति गठन के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया। दिनांक 16 मई 2007 के पश्चात नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाईकर्मियों में विनियमित करने की योजना का लाभ प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की।

बैठक के अंत में कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. मंगल मिश्र द्वारा वि.वि. की विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित प्रस्तुत पत्र पर विस्तृत चर्चा की गई।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी